इस पर आपत्ति उठाई गई कि सज़ाएं बहुत सख्त दी गईं और इस बिल में सज़ाओ की अवधि भी कानून में नियत कर दी गई हैं। मैं समझता हूं कि इसी आधार पर ही हमने शुरू से इस मुल्क में कानून चलाने की नीयत से जनता और ऐसे लोगों के साथ बड़ी नरमी का बर्ताव करने की कोशिश की और आज 18–19 साल के बाद हम उसका परिणाम क्या देख रहे है? जितनी भी गवर्नमेंट की तरफ से कानूनों में नरमी बरती गई, जेलों में सुविधाएं दी गई, उसके परिणामस्वरूप एक खास सेक्शन जो पब्लिक का है, और जिसकी क्रिमिनल टेंडेंसीज़ है, वे टेंडेंसीज़ बजाय घटने के दिन-ब-दिन बढ़ती चली जा रही हैं। इस वक्त इस मुल्क में इन टेंडेंसी की जो बढ़ने वाली दशा है उसको रोकने के लिए अगर हम अपना दृष्टिकोण थोड़ा नही बदलेंगे तो हमारे लिए, गवर्नमेंट के लिए, इन मुजरिमाना टेंडेंसीज़ को रोकना बड़ा ही मुश्किल हो जायेगा। इस चीज़ को रोकने के लिए इस किस्म की सजाएं पहले से ही नियत कर देना बहुत जरूरी चीज है क्योंकि जूडीशियरी, कानून मानने वालों का दृष्टिकोण और एड-मिनिस्ट्रेटिव तबके का दृष्टिकोण कुछ और होता है। तो मुल्क का इन्तजाम करने के लिए बहुत आवश्यक है कि कानूनों में जरा सख्ती बरती जाय। मैं समझता हूं कि कानून का असली मतलब यह है कि मुल्क में जो समस्याएं हैं या जो खराबियां उत्पन्न हो गई हैं उनको रोका जाय। अगर हम मुलायम और शरी-फाना कानूनों को नहीं बदल पाते तो हुकूमत का यह फर्ज हो जाता है कि ऐसे साधन पैदा करे जिससे हमारी जरूरियात पूरी हो सकें और सही तरीके से जैसे हमारा समाज चलना चाहिए उस ढंग से हमारा समाज चले। इस दृष्टिकोण से मैं यह समझता हूं कि इसमें जो सजाएं निर्धारित की गई है वे बिलकुल मुनासिब हैं और पहले टर्म में ही, जैसा एक माननीय सदस्य ने कहा है, अगर मिनिमम पनिशमेंट निर्धारित कर दिया जाय तो बहुत मुनासिब होगा।

इसमें केन्द्रीकरण और विकेन्द्रीकरण का भी जिक्र किया गया है। पहला जो डिसेन्ट्रे-लाइजेशन में खास अफसरो के हीं हाथ में निपटारा छोड़ दिया गया था, उससे डिसेन्ट्रे-लाइजेशन हुआ और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स का आफीसर अगर समरी ट्रायल के आधार पर ऐसे जुर्म का फैसला शीघ्र कर लेगा तो इसमें समय भी बचेगा और जो इस किस्म के जुर्म करने वाले लोग हैं उनको बड़ी जल्दी से सजा भी मिल जायेगी।

इन भावनाओं के साथ, मैं इस बिल का हार्दिक समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि रेलवे विभाग इस बारे में दूसरे लोगों की तरफ भी ध्यान देगा जो रेलवे के नौकर होते हुए भी, माल की चोरी करते हैं। जो जिम्मे-दारी रेलवे में चोरी होने की है वह रेलवे कर्मचारियों की ही ज्यादा है, क्योंकि उनके सहयोग के बगैर दूसरे बाहर के लोग बहुत कम ऐसी चोरियों में सफल हो सकते हैं। इस तरह से मैं यह आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी रेलवे कर्मचारियों के ऊपर इस बात का कड़ा अनुशासन रखेंगे कि जिस शख्स को भी ऐसे काम में हिस्सा लेते हुए पाया जाय उसको ज्यादा से ज्यादा कड़ी सजा मिले। तभी इस तरह की चीजों में बहुत कुछ कमी आ सकती है। अगर बिल्कुल नही उड़ेंगे तो भी

[श्री शिवानन्द रमौल]
कमी जरूर आएगी और जो रेलवे प्रापर्टी है उसकी हानि होने से बचेगी। इन शब्दों के साथ, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री महाबीर दास** (बिहार) : मैडम डिपुटी चेयरमैन, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं और मैं माननीय मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूं कि आज इस मौके पर बिल लाया गया है जबकि वास्तव में रेलवे का बहुत ज्यादा नुक्सान हो रहा है।

साथ साथ, माननीय मंत्री महोदय का ध्यान मैं इस ओर दिलाना चाहता हूं कि इस महकमे में इस कार्य के लिए अफसरों की और कर्मचारियों की नियुक्ति में अच्छी तरह से ध्यान दिया जाय ताकि काम करने वाले व्यक्ति इस कानून को अमल में लाने में काफी सतर्कता अवश्य बरतें।

हमारे माननीय सदस्यो ने ध्यान आर्कषित किया है कि रेलवे की बहुत सी प्रापर्टी की रेलवे कर्मचारियो के कन्नाइवेंस से चोरी हुआ करती है। बहुत-सा माल भी इधर-उधर होता है। ये बातें है और इसलिए यह जरूरी है कि इस प्रकार का विधेयक लाया जाय। इस विधेयक से वास्तव में इन चीजों की रोकथाम हो सकेगी, ऐसा मैं महसूस करता हूं।

माननीय मंत्री महोदय का ध्यान में क्लाज़ 4 की ओर ले जाना चाहता हूं। क्लाज़ 4 में है :

4. "Any owner or occupier of land or building, or any agent of such owner or occupier inchrage of the management of that land or building, who wilfully connives at an offence against the provisions of this Act, shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to five years, or with fine, or with both."

फाइन का है ही नहीं कि कितना फाइन। अथवा एक सौ रुपया मिनिमम है, एक हजार रुपया मैक्सिमम है, दो लाख रुपया मैक्सिमम है, क्या है। There is no provision in clause 4. क्लाज़ 3 में है कि 1,000 रुपया मिनिमम पनिशमेंट है लेकिन penalty for unlawful possession of railway property के बारे में है, यहां punishment for connivance के बारे में नहीं है कि punishment for connivance में वास्तव में फाइन कितना होगा; एक हजार होगा, एक लाख होगा, एक पैसा होगा, कुछ पता नही है। यह मैजिस्ट्रेट की मर्जी पर छोड़ दिया गया है कि चाहे वह जितना फाइन कर दे, चाहे वह चार लाख कर दे, दो पैसा कर दे, या एक पैसा कर दे। इसलिये मैं यह सलाह दूगा कि इसमें फाइन के बारे में क्लीयर जिक्र होना चाहिये। जैसे कि यह लिखा हुआ है which may extend to five years' imprisonment वैसे ही फाइन की रकम भी क्लीयर होनी चाहिये कि कितनी हो सकती है। अगर इसमें संशोधन की आवश्यकता हो, यह इससे साफ नही होता हो और माननीय मंत्री जी ठीक समझें तो मैं चाहूंगा कि इसमें इसी समय इसी स्टेज पर संशोधन हो जाय। यह अच्छा रहेगा।

दूसरी बात यह है कि यहां जो अधिकार है वह वास्तव में ठीक है लेकिन इसको भी सोचें कि कानून बन जाने से ही काम नही चलता है। बहुत-से गरीब लोगों को, बहुत-से अनजान आदमियों को इसका पता ही नहीं होता है कि यह कानून है। इसी तरह यह जब कानून बन जायेगा तो इसकी उनको जानकारी नहीं होगी। इसलिये मैं दूसरा सुझाव यह दूगा कि हिन्दुस्तान भर में जहां जहां स्टेशन है, उसके नजदीक जो भी सिटी, कस्बा, टाउन या विलेज है उसमें इस कानून की वाइड पब्लिसिटी होनी चाहिये। इस कानून का वहां पूरी तरह से प्रचार होना चाहिये ताकि एक-एक व्यक्ति को मालूम हो जाय कि यह जुर्म होने से वास्तव में इस कानून के जरिये से यह सजा होती है और हमें इससे दरगुज़र नही होना चाहिये। पब्लिसिटी करने से आप देखेंगे कि जनता में यह बात फैल जायेगी और आज जो चोरिया होती है उसमें स्वभावतः कमी हो जायेगी और जो धड़ल्ले से रेलवे के माल को लूटने के लिये या चुराने के लिये चले जाते हैं उसमें कमी होगी; वह डरेंगे। इसलिये मेरा सुझाव है

कि पब्लिसिटी पूरी तरह से हो, सिनेमा स्लाइड्स के द्वारा हो। जिस तरह से भी हो सके इसकी पूरी पब्लिसिटी होनी चाहिये।

अब, मैंने सुना कि यह जो विधेयक लाया गया है वह वास्तव में शायद संविधान के अनुकूल नहीं है; तो मैं इसमें सहमत नहीं हो सकता हूं क्योंकि जो हमारा विधान है, जो हमारा कांस्टीट्यूशन है वह सर्वोपरि है। उसका अमेंडमेंट भी नहीं हो सकता है जब तक कि टू-थर्ड मेम्बर प्रजेंट हो कर वोट दे कर ऐसा न करें। तो वह तो सर्वोपरि है, वह सब लाज़ का मालिक है और उसको हमारा यह बिल या यह एक्ट सुपरसीड नहीं कर सकता है। जितने राइट संविधान में हमको हैं उनको अच्छी तरह से पालन करने का एक एक नागरिक को हक है और उसमें कोर्ट मदद करेगा, तो इस बिल की वजह से अपने नागरिकता के हकों के सम्बन्ध में हमें कुछ घबड़ाना नहीं है। यह बिल तो वास्तव में इसलिये है कि हम जनता को बता सकें कि यह नेशनल प्रापर्टी है और इसकी रक्षा में वह हमें सहयोग दे।

एक बात और कहना चाहता हूं। स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स एंड रीजंस में बताया गया है कि इतने रुपये की, 42 मिलियंस की, क्लेम दी। मैं कहूंगा कि 42 मिलियंस तो रेलवे की प्रापर्टी गई मगर आप जनता के नुक्सान का असेसमेंट करें तो वह न मालूम कितना है, क्योंकि इसकी वजह से बिजनेस ठप्प हो गया, कारोबार ठप्प हो गया, तो न मालूम कितने करोड़ों रुपयों का देश को नुक्सान हो रहा है। माननीय मंत्री महोदय ने तो जो रेलवे को नुक्सान हुआ है वह बता दिया है लेकिन मैं कहता हूं कि देश का बहुत नुक्सान होता है, प्रोडक्शन का नुकसान होता है, व्यापार का नुक्सान होता है, रोटी रोजी का नुक्सान होता है और कितनों का कार्य ठप्प हो जाता है। इन सभी चीजों को देखेंगे तो यह विधेयक बहुत ज़रूरी है और इस विधेयक को हर तरफ से समर्थन मिलना चाहिये और इसे पास होना चाहिये। धन्यवाद।

L75RS/66—5

**श्री शीलभद्र याजी** : माननीय डिप्टी चेयरमैन महोदया, मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं। यह विधेयक तो बहुत पहले लाना चाहिये था और यह बहुत देरी से हमारे हाउस में आया है। अभी हमारे साथी राजनारायण जी ने संविधान की बात की और उस बारे में आपकी रूलिंग हुई। संविधान में सारी व्यवस्था है लेकिन जब देश की, राष्ट्र की, जो सम्पत्ति है उसकी क्षति हो, उसकी नुकसानी हो और उसके लिये कोई विधेयक आये तो मैं समझता हूं कि जो भाई समाजवादी हैं और दिल से समाजवादी हैं उनको तो बाल की खाल खीचने की कोशिश नहीं करनी चाहिये, बल्कि इस सम्बन्ध में सरकार का समर्थन करना चाहिये। यदि उनके दिमाग में उसी तरह की व्यवस्था है जो कि हम करना चाहते हैं तो उनसे हमारी अपील है कि इस तरह के जो विधेयक आयें तो उनको रोड़ा नहीं अटकाना चाहिये बल्कि उनको इसमें मदद करनी चाहिये। अब, इस विधेयक में जो व्यवस्था है उसको देखें। कितनी चोरियां होती है और हमारे रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के लोग खड़े रहते हैं, उनके सामने गाड़ियां भी गिरा दी जाती हैं, लूट ली जाती हैं, लेकिन वह कुछ कर नहीं सकते क्योंकि उनको अधिकार नहीं है। बहुत-सा सैबोटेज रेलवे में होता है और वह इसलिये होता है कि मालगाड़ी गिराओ, पैसेंजर गाड़ी गिराओ और जब क्यास हो तो लूटपाट करो। उस वक्त जी० आर० पी० के आदमी नहीं रहते हैं। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के कुछ आदमी तो रहते हैं लेकिन रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के आफिसर भी नहीं रहते हैं। तो जो रहते हैं उनको पकड़ने का अधिकार नहीं, और इसीलिये इस विधेयक में यह व्यवस्था की गई है कि कम से कम असिस्टेंट सबइंस्पेक्टर रहे और उसको यह अधिकार देना चाहते हैं कि वह भी अरेस्ट कर सकता है।

डिप्टी चेयरमैन महोदया, यह जो नागाओं का उपद्रव हुआ तो कई बार गाड़ियां गिराई गई, उनको लूटने की भी चेष्टा हुई लेकिन चूंकि प्रोटेक्शन फोर्स को सिर्फ प्रोटेक्ट करने का

[श्री शीलभद्र याजी]

अधिकार है, अरेस्ट करने का अधिकार नही है इसलिये इन मामलो में कुछ नही हो सका। हमारे साथ एक बार ऐसा मौका हुआ है, मै दीमापुर स्टेशन पर था। उनको बताया गया कि दो होस्टाइल नागा आये हैं, दो बक्से रख दिये हैं और अभी भागे है, हो सकता है कि आगे जाकर एक्सप्लोजन हो और समूची गाड़ी गिर जा सकती है, लेकिन चूकि उनको अधिकारी नही था इसलिये वे अरेस्ट नही हुये वे चले गये। मै भी उस गाड़ी से जाने वाला था लेकिन नहीं गया।

**एक माननीय सदस्य** : डर गये।

**श्री शीलभद्र याजी** : मै बेवकूफ नही हूं कि अपनी जान दे दू। लोग यह समझते है कि कभी आजादी की लड़ाई होती थी तो डरते नही थे, लेकिन यहां यह जान रहे हैं कि गाड़ी गिरने वाली है तो ऐसा बेवकूफ नही हूं कि उस गाड़ी में चला जाता। तो हम लोग कहते रहे कि उनको पकड़ो लेकिन कुछ नही कर सके क्योकि अधिकार नहीं है। तो जब सैबोटेज का काम होता है, होस्टाइल नागाज़ करे, हास्टाइल मिजोज करे, या जो प्रो-पाकिस्तानी या प्रो-चायनीज़ एलिमेंट हमारे हिन्दुस्तान मे है वह करें, जिनका कि यह एक पेशा रहेगा कि इस तरह से गाड़ी गिराओ, लूटो और देश का नुक्सान करो, ऐसी हालत में यह बहुत मौजू बिल है, उपयुक्त बिल है। जो रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स थी, जो कि रेलवे की हिफाजत करने वाली थी और अरेस्ट नही कर सकती थी उनको यह अधिकार दे रहे है, जैसे कि सेंट्रल एक्साइज़ वगैरह में असिस्टेंट इंस्पैक्टर को भी अधिकार है कि वह गिरफ्तार कर सकता है। रेलवे में यह व्यवस्था नही थी और मै समझता हूं कि इसकी व्यवस्था होना वाजिबी है।

यह बिल बहुत पहले आना चाहिये था। हर एक सदस्य को यह सोचना चाहिये कि राष्ट्र की सम्पत्ति की हिफाजत होनी चाहिये, चोरी नही होनी चाहिये और इसका समर्थन करना चाहिये। हमारे विरोधी दल के कुछ लोगो ने यह सवाल उठाया कि पहली बार कसूर हो तो कम सजा देनी चाहिये। मै इस बात मे विश्वास नही करता। क्या जब तक कोई तीन बार हत्या न करे तब तक उसको सजा नही देनी चाहिये। यो कहावत है कि खुदा भी तीन दोषो को माफ कर देता है लेकिन क्या जो तीन बार हत्या करते हैं उनको माफ कर दिया जाता है? इसमे मै विश्वास नही करता, एक बार चोरी हो तो भी उसमें उसी तरह से सजा होनी चाहिये; चोरी-चोरी है, राष्ट्र की सम्पत्ति का नुक्सान नुक्सान है, चाहे पहली बार हो या दूसरी बार हो। तो मेरा कहना है कि सब के लिये सजा की व्यवस्था होनी चाहिये।

इस पर मुझे विशेष कुछ कहना नहीं है। आज जो देश मे समाज विद्रोही तत्व हैं, जो दुश्मन के एजेंट है चाहे वह पाकिस्तानी एजेंट हो, चायनीज़ एजेंट हो, चाहे वह होस्टाइल नागाज हो, होस्टाइल मिजोज़ हो, उनका यह एक तरह का षड्यंत्र है कि गाड़ी गिराओ, लूटो और अगर इसमें लोगो की हत्या भी करनी पड़े तो वह भी करो। तो उनके लिये रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को जो अधिकार दिया गया है कि जो असिस्टेंट सबइंस्पेक्टर वहां रहेंगे वह इनको पकड़ भी सकते हैं उसका मै स्वागत करता हूं और इन शब्दो के साथ इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री बी० एन० मंडल** (बिहार) : महोदया, रेलवे ऐक्ट के बारे मे जो संशोधन इस हाउस के सामने आया है उसका मै विरोध करता हूं। मै इसलिये नही विरोध करता हूं कि बिल के स्टेटमेन्ट आफ आब्जेक्ट्स एन्ड रीज़न्स में कहा गया है कि पहले कितनी घाटा पूर्ति करनी पड़ती थी रेलवे को, अब उससे अधिक घाटा पूर्ति करनी पड़ती है। इस बात को देखते हुए मै विरोध करता हूं कि ऐसी बात नही है। लेकिन जो अभी की समस्या है उस समस्या के लिये जो उपाय इस संशोधन के जरिये करना चाहिये वह उपाय नही हो पाया है। आज की

समस्या यह नही है कि पब्लिक आकर कौन-सी चीज रेलवे की चुरा लेती है। असली समस्या यह है कि जो रेलवे के नौकर हैं उन लोगों के जरिये ही रेलवे मे चोरी होती है या नुक्सानी होती है। इसलिये वर्तमान नुक्सान की जड़ में रेलवे के जो नौकर है, वे हैं। तो उनके लिये जो व्यवस्था इस संशोधन के जरिये होनी चाहिये वह व्यवस्था नहीं हो पायी है इसलिये भी मैं इसका विरोध करता हूं।

जहा तक इसमे पनिशमेन्ट देने की बात है उसके बारे में भी मेरा विरोध है। जिस तरह से पनिशमेन्ट को कम करने की बजाय बढ़ाया जा रहा है उससे जो समस्या है वह हल नहीं हो पाती है। मेरा सुझाव है कि जो पनिशमेन्ट इसमें दिया गया है उस पनिशमेन्ट को कम कर दिया जाय; एक वर्ष से बेशी उसका पनिशमेन्ट नहीं रखा जाय लेकिन उसका जो अमल हो वह अमल कड़ाई और सचाई के साथ होना चाहिये। अगर उसमें कड़ाई और सचाई न होगी तो जो असल अपराधी है वह जज के सामने या न्यायाधीश के सामने नही लाया जायेगा तो फिर कितना ही बड़ा कानून बनाएं, कितनी हो बड़ी बेशी सजा रखें, कानून से उस समस्या का हल नहीं होगा। इसलिये कानून में सजा की व्यवस्था को कम कर दिया जाय लेकिन इस तरह का एड्मिनिस्ट्रेशन कायम हो जिस एडमिनिस्ट्रेशन के जरिये असल दोषी जज के सामने लाया जाय जिससे उसको सजा मिल सके। इसलिये मै इसका विरोध करता हूं।

तीसरी बात, जो बेशी पावर दे दी गई है प्रोटेक्शन फोर्स को तो मै चाहता हूं उनको इतने पावर्स नही दिये जायं, उनके पावर्स कम किये जायं, क्योंकि उनको बेशी पावर देने से यह नतीजा हो सकता है कि घूसखोरी हो सकती है। इसलिये मंत्री जी विचार करें कि पावर जितनी कम हो सके उतना करें और काम चलाने लायक पावर उनको मिले और बहुत बेशी पावर जो उनको मिला है वह न मिले।

अभी श्री शीलभद्र याजी ने संविधान के बारे मे जिक्र किया। इस बारे मे मुझे ऐसा मालूम पड़ा कि जो भारत का संविधान है शायद उसमे उनका विश्वास नही है कि उसके अन्दर वैसा कानून बन सकता है जिससे सुव्यवस्था कायम हो सकती है। शायद यह विश्वास उनको नही है। इसलिये उनका यह विश्वास था, यद्यपि वे अप्रत्यक्ष रूप से यह बात कह रहे थे, उनके कहने का यही मतलब हो सकता है, कि अगर पब्लिक इन्टरेस्ट मे जरूरी हो तो संविधान की अवज्ञा करके भी कानून बन जाय। मैं समझता हू यह बात सभा मे बोलना एक खतरनाक बात है। जिस मेम्बर के दिमाग से यह बात निकलती है मैं इसको खतरनाक समझता हूं। आज हिन्दुस्तान में सारी गड़बड की जड़ यह है कि आज इस देश में कानून की व्यवस्था नही रह गई है, कानून की व्यवस्था रहने के लिये हमारा जो सबसे बड़ा कानून है, हिन्दुस्तान का संविधान, उसके प्राविजन की रक्षा होनी चाहिये। जितने भी कानून बने, शासन का जो भी काम हो, वह सारे का सारा संविधान के अंदर ही होना चाहिये। इसके खिलाफ मे अगर किसी सदस्य का दिमाग जाता है तो मै समझता हूं खतरनाक बात है और इसको रोकना चाहिये। जो कुछ मंत्री जी ने कहा था, और मंत्री जी की बात हमको पसन्द आई, कि संविधान के मुताबिक सारी बात होनी चाहिये और संविधान के मुताबिक यह कानून भी हो। अभी राजनारायण जी ने कहा कि संविधान के मुताबिक यह कानून नहीं आता है। तो इस पर कोई इज्जत की बात रख कर इसकी जाच करवाई जाय कि संविधान के खिलाफ यह कानून है या संविधान के अंदर यह कानून आता है। तो इसकी जो कानूनी सलाह हो वह मंत्री जी को लेनी चाहिये। अगर राजनारायण जी का कहना सच है कि उसके मुताबिक, इस कानून के जरिये, ऐसी बात है कि चौबीस घंटे के अंदर जो आदमी पकड़ा जाय वह मजिस्ट्रेट के सामने नही लाया जा सकता है या अरेस्ट होने पर उसका जो कानूनी हक है उससे पूछताछ की

[श्री बी० एन० मंडल]

जाय, उसके ऊपर चार्ज शीट लगाई जाय और उसको सफाई का मौका दिया जाय, यह अधिकार अगर इस कानून के जरिये से छीना जाय तो मैं समझता हूं कि वह संविधान के खिलाफ है। तो इस बात की किसी कानूनी एक्सपर्ट से एग्जामिन करवाये तब जाकर इस विधान को पास करें।

SHRI K. P. MALLIKARJUNUDU (Andhra Pradesh): Madam, I support the Bill. I wish to make a suggestion for the consideration of the hon. Minister. No *doubt, the Bill seeks to impose* deterrent punishment for the offenders under the Act and also to invest the Railway Protection Force with powers of investigation similar to those enjoyed by the ordinary police under the Criminal Procedure Code.

In order to achieve the objectives underlying this provision, I wish to make a suggestion that the procedure may also be incorporated in the Bill so that the trial of the cases may be expedited. Of course, cases under clauses 3 and 4 can go to a court of law and become warrant cases. In the trial of a warrant case, certain procedures have been laid down under the Criminal Procedure Code. Now, under the Criminal Procedure Code as amended in 1955, two different procedures are adopted for the trial of warrant cases. One procedure is in respect of cases instituted on police reports and the other procedure is in respect of cases instituted on private complaints. Here even though the Railway Protection Force is invested with powers of investigation, any complaint, any case, filed by it is only tantamount to a complaint and the procedure adumbrated in the Criminal Procedure Code under Section 251A will not apply, with the result that the trial will be delayed. Of *course, in this connection, I may submit to* the House that Section 251 of the Criminal Procedure Code as amended says:—

"In the trial of warrant-cases by Magistrates, the Magistrate shall,—

(a) in any case instituted on a police report, follow the procedure specified in section 251A; and

(b) in any other case, follow the procedure specified in the other provisions of this Chapter."

So, my submission is that a case instituted by an officer of the Railway Protection Force under this Act will come under section 251(b) and not under 251(a) of the Criminal Procedure Code. So, what I would suggest is that a procedure or some provision to that effect may be incorporated into this Bill so that the procedure contemplated under section 251(a) will be applied with the result that the trial of the cases may be expedited.

**श्री राजनारायण** : माननीया, जितना हमारे लिये इस पर बोलने के लिये पहले से निश्चित था उतना समय प्वाइंट आफ आर्डर में लग गया है, वह कट ही जाना चाहिये, क्योंकि उसमें हम भी कुछ कहें, माननीय मंत्री जी भी कुछ कहे। उन्होंने अपनी जानकारी के मुताबिक कही, हमने अपनी जानकारी के मुताबिक कही।

मुझे बहुत ही दुःख है कि मैं श्री पाटिल को अपने पक्ष में नहीं कर पाया। बहुत दुःख है। मैं चाहता हूं कि मुझमें वह शक्ति आए कि मेरे तर्कों पर एस० के० पाटिल साहब ध्यान दें और उसको मानने की कृपा करें। अक्सर मैं सुना करता हूं अपने पुराने मित्र श्री शीलभद्र याजी जी को, वे समाजवाद का नाम अक्सर लेते रहते हैं।

**श्री शीलभद्र याजी** : याद दिला कर आपको ठीक करता हूं।

**श्री राजनारायण** : ठीक ही करते हैं। उनको मैं अपनी बात अभी बाद में बताऊंगा। अभी केवल महर्षि पातंजलि का श्लोक सुना देता हूं :

'समम् अजन्ति जना: अस्मिन् समाज:'

समाज वह जहां जन-जन में समता का व्यवहार हो और जहां ऐसी व्यवस्था रहेगी वहीं समाजवाद होगा। एक तरफ तो कंगालों

4 P.M.

की कंगाली की खाई चौड़ी की जाय और दूसरी ओर करोड़पतियों के कैलाश ऊंचे हों, यह समाजवाद नहीं है। यह तो समाजवाद का निषेध है। अंग्रेजी राज्य का 25 करोड़ रुपये का बिरला कांग्रेस के राज्य में 300 करोड़ रुपय का हो जाय, यह समाजवाद के विपरीत

है। आज का यह विषय नहीं है, इसलिए केवल संक्षेप में कह देता हूं ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति शीलभद्र याजी जी न करें।

व्यक्ति, समाज, पार्टी, सरकार और राष्ट्र, ये जनतंत्र के पांच अवयव हैं, जनतंत्र के पांच अलग स्तम्भ हैं। इसमें व्यक्ति का अलग स्थान है, पार्टी का अपना स्थान है, सरकार का अपना स्थान है, राष्ट्र का अपना स्थान है। कहीं अगर राष्ट्र को शीलभद्र याजी जी सरकार समझ लें, तो वे समाजवाद की हत्या कर देंगे और कर रहे हैं। कहीं अगर सरकार और पार्टी के अन्तर को मिटा दें तो वे समाजवाद की हत्या कर देंगे। व्यक्ति की व्यक्तिगत गरिमा सुरक्षित न हो, वह ठीक स्थान पर प्रतिष्ठित न हो, तो शीलभद्र याजी जी समाजवाद के ऊपर चढ़ बैठेंगे। श्री शीलभद्र याजी समाजवाद पर स्टैन्ड नहीं करते बल्कि उस पर बैठ गये हैं। मैं चाहता हूं कि समाजवाद पर खड़ा होना और समाजवाद पर बैठना, इन दोनों के अन्तर को श्री शीलभद्र याजी समझेंगे।

माननीया, मैं इस विधेयक के संबंध में जो कुछ निवेदन कर रहा हूं उस पर आप गौर करेंगी। माननीय शीलभद्र याजी और सदन के दूसरे सम्मानित सदस्यो ! इस समय जो स्थिति पैदा हो गई है, उस पर केवल गौर करने से ही हमारा काम चलने वाला नहीं है। यदि श्री पाटिल हमारी बातों को सुनने से इन्कार कर देंगे तो यह उचित बात नहीं होगी। मैं चाहता हूं कि वे हमारी बातों को ध्यान से सुनें।

जो विधेयक की प्रति हमारे हाथ में है, उसके पांचवें पन्ने के 14वें क्लाज़ मे इस वक्त यह लिखा हुआ है :—

**"The provisions of this Act shall have effect notwithstanding anything inconsistent therewith contained in any other law for the time being in force."**

इस विधेयक में 14वां क्लाज बडी ताकत देना है। मगर इस विधेयक के विपरीत, इससे भिन्न, इससे असंगत बात यह है कि चाहे कैसा भी कानून क्यों न हो, दूसरा कानून लागू नहीं होगा। इतना बड़ा अधिकार कौन ले सकता है ? जो इन्सान की जगह अपने को खुदा समझता है। पता नहीं खुदा है या नहीं, भगवान है या नहीं।

दूसरी बात जो आपके द्वारा निवेदन करूंगा वह यह है कि इस सरकार का दिमाग साफ नहीं है। मैं समझता हूं कि पाटिल साहब बुद्धि-विभ्रम-जन्य भ्रान्ति में विचरण कर रहे हैं। अगर उनमें इस तरह की भ्रान्ति नहीं होती तो कानून की भाषा ऐसी नहीं होती, जिसकी आवश्यकता पर, जिसकी तात्कालिता पर इतना जोर दिया जा रहा है। कानून कहता कि यह इमिडिएट लागू होगा। जिस समय पास हो, उसी समय से लागू होगा। मगर बिल मे यह बात नहीं है। इसको देखा जाना चाहिये।

**"It shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint."**

विधेयक की भाषा में यह नहीं है "I will Come into force immediately" यह तत्काल ताकत में आयेगा और कार्यान्वित होगा। इस बिल के जरिये यह सरकार इस तरह का अधिकार नहीं ले रही है। अगर सदन इस वक्त इसको पास कर देगा तो सरकार के ऊपर यह रहेगा कि वह जब चाहे इसको लागू करे और जब चाहे न लागू करे।

**पंडित श्याम सुन्दर नारायण तन्खा** (उत्तर प्रदेश) : एक दफा लागू होगा तो लागू ही रहेगा।

**श्री राजनारायण** : जब चाहेंगे तो लागू करेंगे और जब चाहेंगे तो न लागू करेंगे। इस तरह से काम कैसे चलेगा।

**पंडित श्याम सुन्दर नारायण तन्खा** : एक दफा जारी हो जायेगा तो जारी रहेगा।

**श्री राजनारायण** : इसमें तो यह है कि जब सरकार चाहेगी तब लागू करेगी। इसका मतलब यह हुआ कि अगर नहीं चाहेगी तो नहीं लागू करेगी। (*Interruptions*) यही तो मैं कह रहा हूं। तो फिर माननीया, यह देखा जाय। मैं फिर सादर साग्रह निवेदन करूंगा कि हे भाई पाटिल साहब, आपको भगवान सद्बुद्धि दे, आप इस तरह तानाशाही का भयंकर अधिकार इस कानून के जरिये सरकार के हाथ में देने का विधेयक प्रस्तुत करने का पाप अपने सर पर न लें। आदमी आते हैं, आदमी जाते हैं, मगर व्यवस्थाएं रहती हैं। सयोगवश पाटिल साहब आज रेलवे मंत्री हैं, हम सदन के सदस्य हैं और हो सकता है कि कल न रहें क्योंकि एक पद है :

"सबै दिन जात न एक समान।
सबै नर होत न एक समान।"

इस तरह की दो स्थितियां हैं। इसलिए अगर तनिक कहीं अंगुली दबी और उस अंगुली के दबने से बड़े-बड़े उसूल तोड़ दिये जायं, तो इस तरह की बात करना किसी भी सभ्य समाज, सभ्य व्यक्ति, सभ्य सरकार का काम नहीं है। अगर इस तरह की बात हुई तो तब जनतंत्र है ही नहीं। जहां हमने तनिक नुक्सान देखा तो दब गये, अपनी जगह छोड़ दी, तब फिर विवाद क्या, तब वहां डिसकशन क्या ?

मुझे अफसोस है कि हमारे मित्र बार-बार पाकिस्तान का नाम लेते हैं, बार-बार चीन का नाम लेते हैं और कहते हैं कि इसमें हमें बड़ा खतरा है क्योंकि तोड़-फोड़ की कार्यवाही हो रही हैं। माननीया, पहले मैं इस विधेयक में जाना चाहता हूं और आप से कहना चाहता हूं कि मेरे दिल में जो फफोले हैं उन्हें ठीक जगह पर फोड़ना चाहता हूं। आज जो हड़तालें हो रही हैं, जिनके संबंध में श्री पाटिल साहब अक्सर बयान किया करते हैं कि यह तो हिंसा का प्रचार किया जा रहा है, तो मैं यह कहना चाहता हूं कि ये हड़तालें क्यों हो रही हैं, ये आन्दोलन क्यों हो रहे हैं ? देश में भुखमरी पैदा करने की जिम्मेदारी किसकी है, महंगाई करने की जिम्मेदारी किसकी है ? डाका, कत्ल और चोरी करने की जिम्मेदारी किसकी है ? माननीया, जिस कांग्रेसी राज्य में चोरी बढ़ी हो, डाकेज़नी बढ़ी हो, कत्ल बढ़े हों, दंगे बढ़े हों, राहज़नी बढ़ी हो, वेश्या बढ़ी हों, भुखमरी बढ़ी हो, रेल के एक्सीडेन्ट बढ़े हों, उसके बारे में आप खुद समझ सकती हैं क्या कहा जा सकता है। अफसोस है कि माननीय पाटिल साहब द्वारा जो बयान उनके अखबारों में पढ़ने को मिले हैं, उनसे मालूम होता है कि दुनिया के दूसरे मुल्कों में यहां के मुकाबले में ज्यादा रेल के एक्सीडेन्ट होते हैं। उन्होंने इस तरह कई मुल्कों का उदाहरण दे दिया।

**श्री शीलभद्र याजी** : अफसोस है कि जितने भी हड़ताल और उपद्रव हो रहे हैं उसके लिए आप पाप के भागी हैं।

**श्री राजनारायण** : हमने ईल्ड कर दिया। हम संसदीय प्रणाली पर चलते हैं।

**उपसभापति** : अब आपका भाषण समाप्त होना चाहिये।

**श्री राजनारायण** : माननीया, ज़रा जो सरकारी पक्ष के लोग हैं, उनको रोका जाय। वे खड़े हो जायेंगे तो हम बैठ जायेंगे क्योंकि हम दूसरे को सुनना और सुनाना चाहते हैं। आप देखती होंगी कि अगर कोई बोलता रहता है तो मैं बीच में टोकना पसन्द नहीं करता। अगर कोई मुझ से कुछ कहना चाहता है तो मैं अपने अधिकार को दे देता हूं क्योंकि हमें अपने विषय की श्रेष्ठता और गुरुता पर विश्वास है। चाहे जितना बीच में हल्ला मचाया जाय, हमारा विषय इधर से उधर होगा नहीं।

तो, माननीया, मेरा कहना है कि आज एक दार्शनिक अमेरीका का है और उसका नाम पाटिल जी ज़रूर जानते होंगे। उसका नाम थोरो है। थोरो ने कहा है कि जो सरकार अपने नागरिकों को अनजस्टली—अन्याय के साथ—गिरफ्तार करती है, उसके शासन में जो जस्ट पीपुल हैं उनकी जगह जेलखाना

होगी। जरा इस बात को हृदयंगम किया जाय। थोरो ने कहा कि जब सरकार अनजस्टली अरेस्ट करती है तो जस्ट पीपुल की जगह जेलखाना होगी। इस तरह से मैं आज कहना चाहता हू, सदन के सम्मानित सदस्यों को बताना चाहता हूं कि जो आज जनतंत्र की, संसदीय स्वस्थ प्रणाली की रक्षा करना चाहते हैं और जो चाहते हैं कि इस सदन की महिमा, सदन की शिष्टता, सदन की उच्चता कायम रहे, उनको तैयार रहना पड़ेगा इस सदन से घसीट कर निकाले जाने के लिये। हम देख रहे हैं कि यह सदन राज्य सभा है और इसमे जनता की सच्ची भावना प्रतिबिंबित हो और जब जनता की सच्ची भावना प्रतिबिंबित होने मे और सरकारी पक्ष द्वारा हमारी वाणी को प्रस्फुटित होने मे रुकावट डाली जायेगी तो आवश्यक है हमारे लिये कि हम उसका प्रतिकार करे क्योंकि अन्याय को जो सहता है वह अन्याय करता है, चाहे सदन के अन्दर हो, चाहे सदन के बाहर हो। इसलिये मै ज्यादा समय नही लेना चाहता। आपके द्वारा विनम्रता के साथ निवेदन करना चाहता हू। एस० के० पाटिल जी हमारे बुजुर्ग है, उम्र मे हमसे ज़रूर ज्यादा है, उनकी जानकारी भी हम से ज्यादा होनी चाहिये। हम "जानकारी" शब्द कह रहे है, "बुद्धि" नही। तो इन सब का समुच्चय विचार कर वे आज इस विधेयक को वापस ले और वापस ले कर के इसको देखें, दिखाये। मै समझता हूं कि अगर कोई सही बुद्धिवाला सलाहकार उनको मिलेगा तो वह इसी सम्मति पर आयेगा कि यह असवैधानिक है। हमारे पास इतना पैसा नही है। अगर पाटिल साहब हमारे लिये इसके फंड का प्राविज़न कर दे तो मै इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट मे ले जा कर के, खुद बहस कर के इसको अल्ट्रा वायर्स डिक्लेयर करा सकता हूं। यह विधेयक वहा ठहर नही सकता है। इसलिये सदन का जैसा पैसा नष्ट होगा, जो समय नष्ट होगा, उसकी सारी जिम्मेदारी सरकार पर जानी चाहिये और सरकार पर क्यों जाय, पाटिल साहब पर स्वतः जानी चाहिये क्योंकि इतनी साधु सम्मति के बाद भी अगर पाटिल साहब इसको वापस न ले, तो इसकी जिम्मेदारी पाटिल साहब लें। सरकार पर ज़िम्मेदारी जायेगी, क्योकि सरकार इस समय जनता के पैसे का अपव्यय कर रही है। इसलिये पुनः आपके द्वारा करबद्ध प्रार्थी हू, सादर सविनय निवेदन कर रहा हूं, हाथ जोड़ कर आरजू मिन्नत कर रहा हूं कि जनतंत्र के नाम पर, संसदीय परम्परा के नाम पर, लोक-कल्याण के नाम पर, नागरिक अधिकारो की सुरक्षा के नाम पर, व्यक्तिगत अधिकारो की रक्षा के नाम पर, हे पाटिल साहब, आप इस विधेयक को वापस ले।

SHRI S. K. PATIL: Madam, I am indeed grateful to the House for the general support that they have given to this Bill. This Bill has come not a day too soon and the reasons that I have given are not new. There have been suggestions to us for a number of years that we should have a legislation of this kind so that many of these things that happen to-day, which do cost us quite a lot of money, can be avoided Although we have mentioned Rs. 27 crores and Rs. 42 crores, I agree with some Members that possibly the loss might be even greater than that. Some suggestions have been made of which I am taking note. One Member from our side, Shri Parthasarathy, and my friend Shri Lokanath Misra, drew my attention to the fact and asked: 'What about the thieves or offenders among the railway workers themselves?' Now I know and I am conscious of the fact that that caution is very necessary indeed and I can assure them that if a railwayman is really found doing this thing, we ourselves will appeal to the court that the sentence should be even more because although it is one year as a minimum, the court can extend it to five years because in my eyes he is a bigger offender, because since he is entrusted with the responsibility of protecting the property, at least he should not be a thief of that property. Therefore that I can understand.

Something has been said about the Perambur Factory that the loss amounts to Rs. 20 lakhs annually. I quite agree with that and therefore on that analogy

[Shri S. K. Patil.]

possibly the loss incurred by us would be much more.

Another thing that was said was that the property includes sometimes perishable articles, and mangoes were referred to. They are very delicious, nice things and possibly there is a greater attraction to remove them even by those who must really do something else to protect them and not to remove them and therefore the allegation was that the ripe mangoes never reached their destinations and they reached some other destination. All these are known and I am not lightly treating it. That is a malady that has got to be removed as quickly as possible and the offenders may not necessarily be outsiders but sometimes they may be of the type that my friend is suggesting.

Then he suggested that the sentence is high and at some places the murder is cleverer than a thief. I do not want to join issue with him but there was some important discussion or a dialogue that was going on in the world to-day as to the difference between a common thief and a common murderer. A murderer cannot be a common man, he is a very uncommon person and most of the psychologists of the world have come to the conclusion which is opposite to that of my friend that the murderer is a fool, is not a clever man. Therefore I am not merely suggesting who is a fool and who is a clever man but one need not necessarily take it that a murderer is really cleverer than a thief. Thieves are cold-blooded persons. They are much cleverer. It is an act that somebody does in a kind of emotional way but it is an act which is very much calculated. I am merely saying it. Therefore, about the sentence, although the minimum is one year, it is capable of extension to five years and the difference is made between the first offence, second offence and the third offence because sometimes it may be casual and so the man must be given an opportunity to reform. That is why we have said so. In every law the difference between the first, second and third offence is there and I do not want to make an exception in this particular law.

Then some Members asked: 'Why the onus of proving is on the person, and why the Government does not take that responsibility ?' I am merely pointing out this that in the existing Act also, which is now being repealed, the onus of proving that the railway property came into his possession lawfully lay on the accused. So we are not departing from that just now and it is as well that it is so. Why ? It is because, after all, when the property is seized, you do not wait for some time in order that the other process of law should be brought into effect in order to prove that it is his property. If he is honest, there is no difficulty in proving that it is his property. Maybe it is railway property but he might have lawfully acquired, he might have bought it, and he has only to prove it and there will be no difficulty about it.

I do not think there is anything more that has been said. My friend, Shri Rajnarain, has made an appeal to me. He really gave a very excellent definition of socialism that I shall try to remember because for many, many years, for half a century or more, many people higher than myself and himself have said something about socialism. It will be a very significant addition to that socialism, what he has said to-day. He has also appealed to me and made that with an invocation to God . . .

(*Interruptions.*)

The world should have been quite different because on every occasion whenever he starts speaking, there is a general invocation to God.

'सर्वेपि सुखिन: सन्तु, सर्वे सन्तु निरामया: ।'

But the world remains just the same. My friend, Rajnarain, remains just the same, and he will permit me to remain just the same.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to unlawful possession of railway property be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up the clause by clause consideration of the Bill.

*Clauses 2 to 16 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI S. K. PATIL : I beg to move :

"That the Bill be passed."

*The question was put and the motion was adopted.*

---

## THE ELECTRICITY (SUPPLY) AMENDMENT BILL, 1966

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (DR. K. L. RAO) : Madam Deputy Chairman, I beg to move :

"That the Bill further to amend the Electricity (Supply) Act, 1948, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

In suggesting this I shall briefly explain the circumstances under which we had to bring in this amending Bill. The supply of electricity and the other aspects connected with it are being regulated by two Electricity Acts, one, the Indian Electricity Act, 1910, and the other, the Electricity (Supply) Act, 1948. I may be permitted to submit that the electricity, though it has engulfed the fabric of civilisation and though it is being employed in the rest of the world in a very mighty way to help mankind, it had not received any attention—any attention worth the name—in India in the days before independence. It is only after the independence, after three Plans, after pursuing a very large number of projects, and expensive ones too, that we are now generating electricity which is six times as much as it was in 1948. That is indeed a very good achievement, but nevertheless I should say that, compared to the world production of electricity, we are very low down in the list. The world produces something like three thousand billion kilowatt hours a year but our production is only about 1.25 per cent. . . .

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : कोरम नहीं है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please, whether there is quorum.

SHRI RAJNARAIN : No quorum.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please continue, Dr. Rao.

DR. K. L. RAO : I was submitting, Madam, that while the world produces quite a large amount of electricity, we in India produce only 1.2 per cent. though from the point of population, we are nearly 16 per cent. and we are entitled to produce and use electricity on a much bigger scale. So the objective of the Government in further years is to advance in electricity more and more. For example, in the Fourth Five Year Plan it is our intention to double the electricity that we have so far built up. But what I want to submit is that even in the fifteen years of planned development that we have had since the last 1948 Act, we have achieved a large amount of expansion of electricity, so that it is now time when we had to bring forward a few amendments to the Act as a result of the practical experience of the electricity supply in the country. There are two urgent reasons why these amendments were taken in hand. The first reason is that the Bank Rate was raised from 5 per cent. to 6 per cent. in February, 1965.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) in the Chair.]

Now, the private licensees are allowed to charge, what we call, the standard rate of 2 per cent. above the Bank Rate; that is, 5 per cent. plus 2 per cent.=7 per cent. is the rate of interest that is applicable and chargeable up to a point of time in 1965, and later on, for the further period, it will be 6 plus 2=8 per cent. Now if we do not amend the Act, what will happen is that the licensees might charge 8 per cent. for the entire amount of money invested at different times in the whole of their electricity undertakings. This will unnecessarily increase the rates and the licensees supplying electricity may increase the rates for the supply of electricity. So what we have done here is this. We have divided the periods into two sectors. One is that up to April, 1965, they will charge only at the rate of 7 per cent., the rate prevailing at the time. It is only for the future investments, for the investments made thereafter that the increased Bank Rate plus 2 per cent. will apply. This is being done in order to safeguard against and ensure that there shall be no raise in